

# अखंड भारत समाचार






विज्ञापन दें













विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें 8708565733


## अब 'केरलम' के नाम से जाना जाएगा केरल, सेवातीर्थ में मोदी कैबिनेट का पहला फैसला




डिजिटल डेस्क, नई दिल्ली। नई पीएमओ बिल्डिंग सेवा तीर्थ में मंगलवार को हुई पहली केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। इसी क्रम में मोदी कैबिनेट ने केरल सरकार के राज्य का नाम बदलकर केरलम करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

यह कदम अप्रैल-मई में होने वाले केरल विधानसभा चुनावों से पहले उठाया गया है। केरल विधानसभा ने 24 जून, 2024 को एकमत से एक प्रस्ताव पास किया था, जिसमें केंद्र से राज्य का नाम आधिकारिक तौर पर बदलकर केरलम करने की अपील की गई थी।

विधानसभा के प्रस्ताव के बाद मंगलवार को हुई यूनियन कैबिनेट की मीटिंग में राज्य का नाम केरल से बदलकर केरलम करने को मंजूरी दे दी गई है। केरल विधानसभा ने दूसरी बार प्रस्ताव पास किया था क्योंकि गृह मंत्रालय ने कुछ टेक्निकल बदलावों का सुझाव दिया था

प्रस्ताव पेश करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा था कि राज्य को मलयालम में 'केरलम' कहा जाता है और मलयालम बोलने वाले समुदायों के लिए एक संयुक्त केरल बनाने की मांग राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम के समय से ही जोरदार तरीके से उठी है। लेकिन उन्होंने कहा था कि संविधान के पहले शेड्यूल में राज्य का नाम केरल लिखा है।

प्रस्ताव पेश करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा था कि राज्य को मलयालम में 'केरलम' कहा जाता है और मलयालम बोलने वाले समुदायों के लिए एक संयुक्त केरल बनाने की मांग राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम के समय से ही जोरदार तरीके से उठी है। लेकिन उन्होंने कहा था कि संविधान के पहले शेड्यूल में राज्य का नाम केरल लिखा है।

## इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026: 'मानव' लिखेगा AI की इबारत, भारत ने दुनिया को दिखाया नया रास्ता

इसी सप्ताह दिल्ली के भारत मंडपम में कुछ ऐसा हुआ जो इतिहास में दर्ज होगा। 16 से 20 फरवरी तक आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में दुनिया के 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष, 60 से अधिक मंत्री और 500 से अधिक वैश्विक तकनीकी नेता एक साथ जुटे।यह पहला मौका था जब इस स्तर का कोई वैश्विक एआई सम्मेलन ग्लोबल साउथ में आयोजित हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 19 फरवरी को इसका उद्घाटन करते हुए जो संदेश दिया, उसका सार था कि एआई सिर्फ अमीर देशों की तकनीक नहीं है, यह "सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय" का माध्यम बनेगी। यानी सबके कल्याण के लिए, सबकी खुशी के लिए।

मैं इस समिट में स्वयं उपस्थित था और उन ऐतिहासिक पलों का गवाह बना। एक सरकारी अधिकारी के नाते मन में एक ही सवाल बार-बार उठ रहा था, यह वैश्विक संकल्प जमीन पर कैसे उतरेगा? बड़े मंचों पर बड़ी बातें होती हैं, लेकिन असली इम्तिहान तब होता है जब किसी सुदूर गांव का किसान अपनी फसल बीमा क्लेम के लिए दफ्तर का चक्कर काटने की बजाय घर बैठे काम करवा सके।

प्रधानमंत्री मोदी ने समिट में "मानव विजन" प्रस्तुत किया। यह केवल एक संक्षिप्त नाम नहीं, बल्कि एआई के प्रति भारत की संपूर्ण सोच का सार है।




मेरी सरकारी अधिकारी के तौर पर 17 साल की सेवा ने मुझे एक बात गहरे से सिखाई है कि इस देश को चलाने के लिए सूचना का सही वक्त पर सही जगह पहुंचना सबसे जरूरी है। भारतीय रेलवे रोज डेढ़ करोड़ से अधिक यात्रियों को लेकर चलती है।

## Modi Cabinet: केंद्र सरकार के तीन बड़े फैसले, रेल-जूट और एयरपोर्ट को बूस्ट




डिजिटल डेस्क, नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को रफ्तार देने के लिए एक और बड़ा कदम उठाया है। मंगलवार को हुई यूनियन कैबिनेट की बैठक में रेलवे, मेट्रो और एविएशन क्षेत्र के अहम प्रोजेक्ट्स को हरी झंडी मिल गई। इन सभी परियोजनाओं की कुल लागत 12,236 करोड़ रुपये है। साथ ही पावर सेक्टर में सुधारों को लेकर नीतिगत फैसले लिए गए और केरल राज्य का नाम बदलकर 'केरलम' करने की मंजूरी भी दे दी गई। कैबिनेट ने रेल नेटवर्क को और मजबूत बनाने के लिए तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी है। यूनियन मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, 'कैबिनेट ने 5,236 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से गोंदिया-जबलपुर रेल लाइन को डबल करने को मंजूरी दी। इसके साथ पुनारख और किउल के बीच 2,668 करोड़ रुपये के इन्वेस्टमेंट वाली तीसरी और चौथी रेल लाइन प्रोजेक्ट को भी मंजूरी मिली इसके अलावा गम्हरिया-चांडिल खंड पर तीसरी और चौथी लाइन बनाने को भी मंजूरी मिली है, जिसकी लागत 1,168 करोड़ रुपये है। इन प्रोजेक्ट्स से माल और यात्री आवागमन तेज होगा तथा पूर्वी और मध्य भारत के औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। श्रीनगर में नए इंटीग्रेटेड एयरपोर्ट टर्मिनल का निर्माण 1,667 करोड़ रुपये की लागत से होगा। वहीं अहमदाबाद मेट्रो प्रोजेक्ट के फेज-2B के विस्तार के लिए 1,067 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।

## ट्रंप के टैरिफ़ पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले का एशियाई देशों पर क्या असर पड़ेगा?



राष्ट्रपति ट्रंप ने साल 2025 में जो टैरिफ़ लगाए थे, उन्हें अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ग़ैरकानूनी घोषित कर दिया है. कोर्ट के इस फ़ैसले के बाद एशिया में अमेरिका के ख़ास कारोबारी सहयोगियों में अनिश्चितता की एक नई लहर आ गई है.
बीते शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले के बाद, ट्रंप ने कहा कि वह अमेरिका में आने वाले सामान पर 15% की नई ग्लोबल लेवी (टैक्स) लगाएंगे.
अमेरिकी कस्टम विभाग ने सोमवार को कहा कि वह उस ख़ास व्यापार नीति से जुड़े टैरिफ़ का कलेक्शन रोक देगा, जिसका इस्तेमाल ट्रंप ने ग्लोबल ट्रेड वॉर शुरू करने के लिए किया था.
यह भारत से लेकर इंडोनेशिया तक की सरकारों के लिए एक बड़ा झटका है, जिन्होंने अमेरिका के साथ ट्रेड डील पर बातचीत करने में कई महीनों का समय लगाया था. इन में से कई देशों ने अमेरिका में अरबों डॉलर निवेश करने का वादा किया था.

## रूस क्यों लड़ रहा है? यूक्रेन युद्ध की पांचवीं वर्षगांठ से पहले पुतिन ने बताया



डिजिटल डेस्क, नई दिल्ली। यूक्रेन युद्ध के पांचवें वर्ष में प्रवेश की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम संबोधन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि रूस अपने भविष्य, सच्चाई और न्याय के लिए लड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि यूक्रेन को नाटो सैन्य गठबंधन में शामिल होने से रोकने के लिए रूस ने 24 फरवरी, 2022 को उसके खिलाफ सैन्य अभियान छेड़ा था जो अभी तक जारी है इस युद्ध में रूस ने जहां यूक्रेन के हर क्षेत्र को निशाना बनाया है, वहीं अमेरिका और यूरोप के सहयोग से लड़ रहे यूक्रेन ने रूस के कई संवेदनशील ठिकानों पर ड्रोन हमले कर उन्हें नुकसान पहुंचाया है।

20 प्रतिशत भूभाग पर कब्जा
इस दौरान रूस ने यूक्रेन के करीब 20 प्रतिशत भूभाग पर कब्जा कर लिया है। अब इसी भूभाग पर कब्जे को लेकर दोनों देशों के बीच शांति के लिए वार्ता बाधित हो रही है।।

## T20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में कैसे पहुंचेगी टीम इंडिया? जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच से पहले जानें दोनों समीकरण



भारतीय क्रिकेट टीम का टी20 वर्ल्ड कप अभियान अब बेहद नाजुक मोड़ पर पहुंच गया है. सुपर-8 में मिली भारी हार के बाद सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम को सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए सिर्फ जीत नहीं, बल्कि बड़ी जीत की दरकार है.

26 फरवरी को जिम्बाब्वे के खिलाफ मुकाबला अब औपचारिक मैच नहीं, बल्कि 'मैथमेटिकल सर्वाइवल टेस्ट' बन चुका है.सुपर-8 में साउथ अफ्रीका से मिली हार ने भारत का नेट रन रेट गिराकर -3.800 कर दिया है, जिससे वह पॉइंट टेबल में पीछे खिसक गया ऐसे में भारत जिम्बाब्वे के खिलाफ यदि पहले बल्लेबाजी करता है, या रनचेज करता है तो भारत को क्या करना होगा? तो समझ लीजिए....

भारत के लिए क्यों जरूरी है 100+ रन की जीत?
अगर भारत पहले बल्लेबाजी करते हुए 220 रन बनाता है, तो उसे विपक्ष को 120 या उससे कम पर रोकना होगा. यानी 100 रन या उससे ज्यादा का अंतर ही वह झटका देगा, जिससे भारत का रन रेट दोबारा मुकाबले में आ सके. साधारण जीत अब किसी काम की नहीं, बल्कि भारत को मैच 'डॉमिनेट' करना होगा..

## ENG vs PAK Weather Update: बारिश बिगाड़ेगी खेल? कैसा रहेगा पल्लेकेले का मौसम




इंग्लैंड की टीम मौजूदा समय में ग्रुप-2 की अंक तालिका में टॉप पर दो अंक के साथ मौजूद है, जबकि पाकिस्तान की टीम एक अंक के साथ अंक तालिका में दूसरे पायदान पर विराजमान है।
सेमीफाइनल के लिहाज से दोनों टीमों के लिए आज के मैच में जीत हासिल करना बेहद जरूरी होगा। ऐसे में मैच से पहले ये जानते हैं कैंडी के पल्लेकेले का मौसम कैसा रहेगा? Accuweather.com के अनुसार, आज कैंडी में मौसम ज्यादातर धूप वाला है, जिससे मैच बिना किसी रुकावट के होने की संभावना है। इससे पाकिस्तान क्रिकेट टीम के प्रशंसकों को खुशी होगी, क्योंकि एक और बेनतीजा मैच उनकी टीम को बाहर होने की कगार पर छोड़ देता। यह ग्रुप 1 से ज्यादा कठिन है, क्योंकि इसमें न्यूजीलैंड जैसी मजबूत टीमें और सह-मेजबान श्रीलंका भी शीर्ष 2 स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

## 16 कट के बाद 'द केरल स्टोरी 2' को मिला सर्टिफिकेट, रेप सीन पर पर चली कैंची




'द केरल स्टोरी 2' को लेकर विवाद खड़ा हो गया है. फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने के लिए याचिकाएं दायर की गई हैं. लेकिन सेंसर बोर्ड (Central Board of Film Certification-CBFC) ने इसे U/A 16+ सर्टिफिकेट दे दिया है. हालांकि, एक रिपोर्ट के मुताबिक सेंसर बोर्ड ने फिल्म में करीब 16 कट या बदलाव करने को कहा था. फिल्म के कई सीन्स पर कैंची चली है. किसिंग और रेप वाले सीन 50% तक कम किए गए. एक लिप-लॉक सीन को 7 सेकंड छोटा करने को कहा गया, जबकि रेप वाले सीन 20 सेकंड घटाए गए. एक सीन में जहां एक महिला को थप्पड़ मारा जा रहा है और दूसरे सीन में जहां महिला के सिर पर वार किया जा रहा है, दोनों को 2-2 सेकंड कम किया गया. जिस सीन में आरोपी के घर को बुलडोजर से गिराते हुए दिखाया गया था, उसमें भी बदलाव करने को कहा गया. तीन डायलॉग बदलने को कहा गया और एक शब्द को म्यूट करने के ऑर्डर दिए गए.


Reg.by Govt. Of India
OASIS WORLD RECORDS
EST.SINCE 2022
BHARAT BHUSHAN SAMMAN
BHARAT DHARMA RATNA AWARD
AKHAND BHARAT SAMMAN
DR. A.P.J. ABDUL KALAM AWARD
BHARAT LEADERSHIP SAMMAN
LIFETIME NATION SERVICE AWARD
BHARAT SHAURYA SAMMAN
UNIVERSAL PEACE AND SEVA AWARD
NOMINATE NOW
www.oasisworldrecords.com
NEW DELHI
26TH JULY 2026
8708565733


OASIS WORLD RECORDS AWARDS
NOMINATE NOW
BHARAT GLORY RATNA AWARD
NATIONAL GLORY AWARD
BHARTIYA RATNA AWARD
LOK SEVA RATNA AWARD
LIFETIME NATION SERVICE AWARD
NATIONAL EXCELLENCE AWARD
DR. A.P.J. ABDUL KALAM AWARD
UNIVERSAL PEACE & SEVA AWARD
BHARAT BHUSHAN SAMMAN
RASHTRA GAURAV SAMMAN
PARAM VIBHUSHAN SAMMAN
PARAM SEVA RATNA SAMMAN
BHARAT SEVA RATNA SAMMAN
LOK KALYAN RATNA SAMMAN
BHARAT SHAURYA SAMMAN
AKHAND BHARAT SAMMAN
www.oasisworldrecords.com
www.oasisnews.in
8708565733


ELEVATE YOUR BRAND
with the Best PR Agency in India.
360 DEGREE STRATEGIC MEDIA SOLUTIONS
PRESS RELEASES
PERSONAL INTERVIEWS
INTERNATIONAL MEDIA
PRESS CONFERENCES
PRINT MAGAZINES
TV PANELISTS
AWARD NOMINATIONS
GLOBAL SPEAKING
Visit Our Website
www.oasisnews.in
8708565733



## रांची-दिल्ली एयर एम्बुलेंस हादसे में सभी 7 लोगों की मौत, झारखंड के चतरा में हुआ हादसा

झारखंड के चतरा जिले में सिमरिया के पास सोमवार शाम को रांची से दिल्ली जाते समय एयर एम्बुलेंस के क्रैश होने का मामला सामने आया था. मामले में आए नए अपडेट में पता चला है कि विमान में सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई है. पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य सरकार के एक बड़े अधिकारी ने यह जानकारी दी है. यह क्रैश रेडबर्ड एयरवेज प्राइवेट लिमिटेड के एयरक्राफ्ट के रांची एयरपोर्ट से शाम 7.11 बजे उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हुआ.

चतरा की डिप्टी कमिश्नर कीर्तिश्री ने PTI को बताया, "एयर एम्बुलेंस में सवार सभी सात लोगों की क्रैश में मौत हो गई. प्लेन रांची से दिल्ली जा रहा था." उन्होंने कहा, "एयरक्राफ्ट शाम करीब 7.30 बजे गायब हो गया था. यह सिमरिया के बरियातू पंचायत इलाके में क्रैश हुआ."











